Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 15-12-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need for early procurement of groundnut at minimum support price from the farmers of Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मैं सदन का ध्यान राजस्थान में मुंगफली की फसल की सरकारी खरीद नहीं होने के कारण, मुंगफली उत्पादक किसानों की समस्या व उनमें पनपे असंतोा व आक्रोश की ओर दिलाना चाहता हूं।

यद्यपि मुंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1520 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो हर हालत में किसान की अपेक्षाओं से कम है। मगर दुर्भाग्य यह है कि न्यूनतम मूल्य पर सरकारी खरीद नहीं हो पाने के कारण 1000 से 1300 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से व्यापारियों को बेचना पड़ता है।

राजस्थान के बीकानेर, डूंगरपुर, जयपुर, नागौर, गंगानगर सहित ज्यादातर रेगिस्तानी जिलों में कृाि विभाग के तिलहन उत्पादन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को मुंगफली उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य में लगभग 5 लाख मिट्रिक टन मुंगफली का उत्पादन होता है और अब जब राज्य की मंडियों में 80 हजार से एक लाख बोरी मुंगफली रोजाना आती है, तो किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। अतः माननीय कृाि मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि केंद्र सरकार स्वयं तथा राज्य सरकार की सरकारी एजेंसियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर खरीद किए जाने की व्यवस्था करे।